प्रेस नोट थाना - ललौली, फतेहपुर

श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में तथा श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय जाफरगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपहृता सरिता देवी पुत्री भगवानदीन उम्र 25 वर्ष निवासिनी ग्राम लोहरगढ़वा मजरे कोण्डार थाना ललौली जनपद फतेहपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 177/2024 धारा 87/61(2) बीएनएस व बढोत्तरी धारा 103(1)/238 BNS व 4/25 आर्मस एक्ट की हत्या के वांछित आरोपियो 1.अजय कुमार निषाद पुत्र शिवप्रसाद उर्फ ननकवा निषाद निवासी ग्राम पथरी मजरे अढ़ावल थाना ललौली जिला फतेहपुर 2. लाल सिंह निषाद पुत्र जगरुप निषाद निवासी नये थाने के पास कस्बा व थाना ललौली जिला फतेहपुर को ललौली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर पेश करने समक्ष माननीय न्यायालय सदर फतेहपुर भेजा गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण – दिनांक 29.08.24 को सरिता देवी पुत्री भगवानदीन उम्र 25 वर्ष निवासिनी ग्राम लोहरगढ़वा मजरे कोण्डार थाना ललौली जनपद फतेहपुर अपने गांव से नौसाद के घर ग्राम ललौली गांव की ही महिलाओं के साथ काम करने (मजदूरी) के लिये आयी हुई थी। अभियुक्त अजय कुमार निषाद अपने एक साथी के सहयोग से सरिता देवी को बहला फुसलाकर मोटर साइकिल से भगा कर ले गये थे सरिता देवी मजदूरी करके घर वापस न पहुंचने पर परिवारीजनों द्वारा रिश्तेदारी व अन्य स्थानों पर तलाश व पता किया गया परंतु कोई जानकारी न होने पर वादी मुकदमा श्री भगवानदीन पुत्र साधू निषाद निवासी ग्राम लोहरगढ़वा मजरे कोण्डार थाना ललौली जनपद फतेहपुर की तहरीर पर थाना स्थानीय पर दिनांक 30.08.24 को मु0अ0सं0 177/2024 धारा 87/61(2) बीएनएस बनाम 1.अजय कुमार निषाद पुत्र शिवप्रसाद उर्फ ननकवा निषाद निवासी ग्राम पथरी मजरे अढ़ावल थाना ललौली जिला फतेहपुर व 01 अन्य नाम पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया था दिनांक 31.08.24 को इसी दौरान अपहृता/मृतिका सरिता देवी पुत्री भगवानदीन उम्र 25 वर्ष निवासिनी ग्राम लोहरगढ़वा मजरे कोण्डार थाना ललौली जनपद फतेहपुर की लाश घटवापार नाले मे पायी गई। एफआईआर में नामित आरोपी की गिरफ्तारी कर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपने साथी लाल सिंह निषाद पुत्र जगरुप निषाद निवासी नये थाने के पास कस्बा व थाना ललौली जिला फतेहपुर के साथ जुर्म स्वीकार करते हुए मृतिका सरिता उपरोक्त को रोहित पानी पूड़ी कोर्राकनक मोड़ से अपनी मोटर साइकिल UP71U0579 HF DELUX काले कलर से ले जाकर घटवापार नाले के पास बहदग्राम लोहरगढ़वा में सरिता देवी का चाकू से गला काटकर हत्या करके शव को बहते हुये नाले में फेंक दिया था तथा आला कत्ल चाकू को पास की झाड़ियों में छुपा दिया था अभियुक्त गणों की निशादेही पर आलाकत्ल चाकू व घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोबाइल को बरामद किया गया अभियोग में धारा 103(1)/238 BNS व 4/25 आर्मस एक्ट की बढोत्तरी की गई। घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल UP71U0579 HF DELUX को कब्जे पुलिस में लेकर कोई कागजात न होने पर अंतर्गत धारा 207 एमबी एक्ट में सीज किया गया। बाद विधिक कार्यवाही अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार व्यक्तियो का नाम व पता –

1. अजय कुमार निषाद पुत्र शिवप्रसाद उर्फ ननकवा निषाद निवासी ग्राम पथरी मजरे अढ़ावल थाना ललौली जिला फतेहपुर हुलिया दोहरी मजबूत जिस्म , आंख नाक कान कद औसत रंग सांवला उम्र करीब 26 वर्ष
2. लाल सिंह निषाद पुत्र जगरुप निषाद निवासी नये थाने के पास कस्बा व थाना ललौली जिला फतेहपुर हुलिया इकहरी मजबूत जिस्म आंख नाक कान कद औसत रंग गेंहुआ उम्र करीब 27 वर्ष

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय – मिलकिन डेरा मोड़ थाना ललौली फतेहपुर , दिनांक 02.09.24 समय 05.36 AM

बरामदगी का विवरणः-

1. घटना मे प्रयुक्त एक अदद चाकू (आला कत्ल)।

2. घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल UP71U0579 HF DELUX काले रंग की ।
3. घटना में प्रयुक्त 02 अदद मोबाइल ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीमः-

गिरफ्तार करने वाली टीम के अधिकारी व कर्मचारीगण के नाम –

1.प्र0नि0 बच्चेलाल प्रसाद थाना ललौली जनपद फतेहपुर
2.व0उ0नि0 संतोष कुमार मिश्रा थाना ललौली जनपद फतेहपुर
3.हे0का0 सुशील कुमार थाना ललौली जनपद फतेहपुर
4.का0 लोकेश कुमार थाना ललौली जनपद फतेहपुर
5.का0 प्रदीप कुमार थाना ललौली जनपद फतेहपुर
6.का0 शिवप्रताप सिंह थाना ललौली जनपद फतेहपुर